### एक नजर में

## महिलाओं की जांच कर दिया परामर्श

**नवभारत न्यूज पलेरा। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित एएनसी शिविर के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉ नेहा चौरसिया, डॉ अंकित राजपूत, डॉ महेंद्र पटेल, डॉ मुकेश साहू एमबीबीएस डॉक्टरों समेत एएनएम स्टाफ नर्सो ने बेहतर सेवाएं प्रदान कीं। जिनमें गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की नियमित जांच, आवश्यक टीकाकरण, और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श शामिल थे, जिससे माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार हो सके।**

शिविर के दौरान डॉक्टरों द्वारा महिलाओं के हीमोग्लोबिन, एचआईवी, वजन सहित अन्य जांच किए गए। इसके साथ ही खाने के लिए कैल्शियम, आयरन एवं विटामिन बी कांप्लेक्स की गोलियां दी गई। डॉक्टरों के द्वारा सभी महिलाओं को सलाह दिया गया कि गर्भावस्था में भारी वजन नहीं उठाए। पौष्टिक भोजन हरे साग सब्जी ,फल, दूध, इत्यादि का सेवन करें। स्वास्थ्य केंद्र में महीने में दो बार लगने वाले स्वास्थ्य जांच शिविर में अवश्य आएं एवं अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं ।जिससे जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ रहेगा।

# रिट पिटीशन से राजघराने का नहीं है कोई नाता

**राज परिवार के युवराज रुद्रप्रताप सिंह ने किया खंडन**

**याचिकाकर्ता का राजघराने से नहीं है कोई वास्ता**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शाहगढ़ से ओरछा तक टू-लेन सड़क से टीकमगढ़ की पूर्व रियासत से जुड़ी तीन सदी पुरानी धरोहरों यानी झांसी मार्ग पर स्थित वावड़ी को होने वाले संभावित नुक़सान को लेकर हरेन्द्र प्रताप सिंह यादव पिता हरनारायण यादव अंबेडकर तिराहा ने हाइकोर्ट जबलपुर में रिट पिटीशन नं 35778 /2024 दायर की थी। पिटीशन हरेन्द्र को पार्टी बनाकर हाइकोर्ट के द्वारा नोटिस जारी किए गए थे। नोटिस के जवाव आने की प्रतीक्षा में हाइकोर्ट में सुनवाई लंबित है । जिस पर आने वाले दो कुछ समय में सुनवाई होना है । पिटीशन हाईकोर्ट की डबल बैंच में विचाराधीन है । इस मामले में सबसे महत्वपूर्ण बात यह निकलकर सामने आ रही है कि इसमें रिट पिटीशन दायर करने बाले व्यक्ति की जगह राजपरिवार की छवि को धूमिल करने का प्रयास कुछ तथाकथित लोगों द्वारा किया जा रहा है। जबकि राजपरिवार के युवराज रूद्र प्रताप सिंह ने नवभारत समाचार पत्र से बातचीत में बताया कि उन्हें एवं उनके परिवार को उक्त पिटीशन से कोई लेना-देना नही है साथ ही उन्होनें यह भी बताया कि जिस व्यक्ति ने पिटीशन दायर की है उससे राजपरिवार का दूर-दूर तक कोई बास्ता नही है।**




दरअसल शाहगढ़ से ओरछा तक टू-लेन सड़क से टीकमगढ़ की पूर्व रियासत से जुड़ी तीन सदी पुरानी वावड़ी का नुकसान रोकने के नाम पर हरेन्द्र प्रताप सिंह यादव पिता हरनारायण यादव अंबेडकर तिराहा ने हाईकोर्ट की शरण ली है। एनएचएआइ ने 1415 करोड़ से 156 किमी सड़क की अधिसूचना हाल में जारी की थी। इसके बाद रास्ते में 300 साल पुरानी बावड़ी और पेड़ों को नुकसान का उल्लेख करते हुए हाईकोर्ट में पिटीशन दायर की है। इस पर अतिरिक्त महाधिवक्ता ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव एवं एनएच के कार्यपालन यंत्री से 20 जनवरी तक जवाब मांगा है। याचिका में एनएच 12-ए और एनएच 125बी के कारण रानी की बावड़ी और लगभग 300 साल पुराने नुकसान के साथ ही हजारों सागौन के पेड़ नष्ट होने पर चिंता जाहिर की है।




इस पिटीशन के बाद प्रोजेक्ट में अब देरी लग सकती है। विभाग ने इसका पूरा डीपीआर बनाकर दिल्ली भेजा था. जिसमें स्वीकृति भी मिल चुकी है। विभागीय सूत्रों की मानें तो अब इसके अलाइन्मेंट में बदलाव करना संभव नहीं है। ऐसे में जब तक इस पिटीशन का निराकरण नहीं हो जाता है, इस प्रोजेक्ट के आगे बढ़ने पर आशंका जताई जा रही है। हालांकि राजघराने के राजा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मामले के याचिकाकर्ता का राजघराने से कोई भी वास्ता नहीं है।

### राजपरिवार को रिट पिटीशन से कोई लेना-देना नहीं

इस संबंध में जब राजपरिवार के युवराज रूद्र प्रताप सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होनें बताया कि इस रिट पिटीशन के बारे में उनको कोई जानकारी नहीं है । उन्होंने स्पष्ट किया कि मेरे और मेरे परिवार के किसी सदस्य ने इस हाइवे निर्माण के खिलाफ अभी आज दिनांक तक कोई रिट पिटीशन दायर नहीं की है और न हीं किसी को अधिकृत किया है । जिसने भी रिट लगाई है आप उस व्यक्ति से जानकारी कर सकते हैं । मेरा एवं मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का इस रिट पिटीशन से कोई लेना देना नहीं है । यह कृत्य छवि धूमिल करने को किया गया है।

## ई-अटेंडेन्स के विरोध में आए कर्मचारी



**नवभारत न्यूज टीकमगढ। पशुपालन एवं डेयरी विभाग में 1 अगस्त से सार्थक ऐप द्वारा ई-अटेन्डेन्स में उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य कर दिया है सार्थक ऐप में उपस्थिति लगाने में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों को व्यहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इस समस्या का निराकरण कराने पशुपालन विभाग के कर्मचारियों ने प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभाग भोपाल को सौंपा है।**

ज्ञापन में बताया गया है कि पशुपालन विभाग में पशु चिकित्सा का कार्य सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों द्वारा सम्पादित किया जाता है। पशु चिकित्सा का कार्य अनिवार्य सेवा एवं 24 घंटो की पशु चिकित्सा का है।

सार्थक एप मे उपस्थिति दर्ज करने हेतु शासन द्वारा सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियो को न तो मोबाईल एवं न ही इंटरनेट डाटा उपलब्ध कराया गया है जबकि कृषि एवं राजस्व आदि विभागो में मोबाईल एवं डाटा शासन से उपलब्ध कराया गया है । यदि सार्थक ऐप से उपस्थिति अनिवार्य है तो जिस तरह मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में अन्य विभागों को इलेक्ट्रानिक उपकरण हेतु राशि उपलब्ध कराई गई है उसी तरह विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को भी आवश्यक उपकरणों हेतु राशि उपलब्ध कराई जाये।

# 67 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण




**नवभारत न्यूज टीकमगढ। जिला आयुष अधिकारी डॉ विनोद कुमार के मार्गदर्शन में शासकीय होम्योपैथी औषधालय मांची द्वारा आयुष आपके द्वार योजना के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला मांची में नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।**

शिविर में डॉ पूजा धुर्वे द्वारा शिविर में 67 विद्यार्थियो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं रोगानुसार औषधि प्रदान की गई। साथ ही वर्षा ऋतु में होनी बाली बीमारियों से बचने के उपाय बताए गए एवं वर्षा ऋतु में अपने आप को कैसे स्वास्थ्य रख सकते है ,घरों के आस पास जलभराव न होने दे, पानी को छानकर पिए एवं मच्छरदानी का सोते समय उपयोग करें आदि के बारे मे जानकारी दी गई। शिविर में शासकीय होम्योपैथी औषधालय मांची का समस्त स्टाफउपस्थित रहा। जिला आयुष अधिकारी डॉ विनोद कुमार के मार्गदर्शन में शासकीय होम्योपैथी औषधालय मांची द्वारा आयुष आपके द्वार योजना के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला मांची में नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

## आंगनबाड़ियों में नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भोपाल द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत टीकमगढ़ जिले में 21 आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं 223 सहायिकाओं की नियुक्ति प्रक्रिया एमपी ऑनलाईन चयन पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। इच्छुक आवेदकों द्वारा एमपी ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन पत्र समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किये गये। संपूर्ण नियुक्ति प्रक्रिया पारदर्षी तरीके से मैरिट के आधार पर की जा रही है।**

ऐसी जानकारी मिली है कि जन सामान्य में कुछ आपराधिक व्यक्ति सक्रिय हैं जिनके द्वारा अनुमान के आधार पर फर्जी सूची तैयार कर जन सामान्य से पैसा वसूली का कार्य किया जा रहा है जो कि वैधानिक नहीं है। नियुक्ति की संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी एवं गोपनीय तरीके से की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला ऊदल सिंह ठाकुर द्वारा समस्त नागरिकों से अपील है कि किसी भी व्यक्ति के कहने पर उसके बहकावे में नहीं आये।

यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा नियुक्ति का प्रलोभन देकर आपसे संपर्क किया जाता है तो तत्काल पुलिस में जाकर संबंधित के विरूद्ध एफआइआर दर्ज करावें। समस्त नियुक्ति की प्रक्रिया अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में गठित खण्ड स्तरीय समिति के अनुमोदन से अनन्तिम सूची जारी की जावेगी।

## मुनि संघ के चातुर्मास में हो रहा 64 रिद्धि विधान

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर की बाजार जैन मंदिर में इन दिनों मुनि संघ का चतुर्मास चल रहा है जिसमें प्रतिदिन 64 रिद्धि विधान होता है। चतुर्मास के चलते शहर का माहौल धर्ममय बना हुआ है।**

धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीजी का अभिषेक, शांति धारा के बाद विधान होता है सुबह 8.30 बजे से प्रवचन का लाभ मिलता है सौम्य सागर महाराज ने प्रवचन में जीवन को जीने की कला के साथ-साथ देव गति में देवों की आठ प्रकार की ऋद्धियां के बारे में विस्तार पूर्वक बताया कि देव अपने शरीर को छोटा और बड़ा कर सकते हैं देवों के पास बैक्रिया शरीर होता है वह अपने शरीर को भारी एवं हल्का बना सकते हैं एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच सकते हैं अनेक रूप धारण कर सकते हैं । नरेंद्र जनता ने महाराज से पूछा कि यह आठ रिद्धि मनुष्य को प्राप्त हो सकती हैं क्या।



उन्होंने कहा 8 , तो क्या 64 रिद्धि भी मनुष्य प्राप्त करने में समर्थ होता है अपने स्वयं के तप के बल पर महाराज ने कहा कि मनुष्य गति पुण्य के उदय से प्राप्त हुई है इसे पुण्य कार्य में ही लगाना है। शहर की बाजार जैन मंदिर में इन दिनों मुनि संघ का चतुर्मास चल रहा है जिसमें प्रतिदिन 64 रिद्धि विधान होता है।

## तीन साल से नहीं हो पाया पुल का निर्माण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मोहनगढ़ तहसील में मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश की सीमा पर जामनी नदी पर एक पुल का निर्माण कार्य पिछले तीन साल से चल रहा है। 4 करोड़ 42 लाख की लागत से शुरू हुआ यह निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हो पाया है।**

वर्तमान में बारिश के कारण निर्माण कार्य बंद है और पुल अधूरी स्थिति में है। पुल का एक स्लैब अभी तक नहीं डाला गया है। इसके बावजूद स्थानीय लोग इस अधूरे पुल से आवागमन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने लकड़ी और बांस का रपटा बनाया है जिससे पैदल यात्री और बाइक चालक पुल पार कर रहे हैं। इस दौरान थोड़ी सी चूक होने पर लोग सीधे नदी में गिर सकते हैं। बारिश के कारण इन दिनों जामनी नदी में तेज बहाव है और गहराई भी अधिक है। लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## विधिक साक्षरता के तहत ग्रामीणों को किया जागरूक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में एक निजी गार्डनग्राम चकरा एवं ग्राम मबई जिला टीकमगढ़ में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें विधिक साक्षरता के तहत ग्रामीणों को जागरूक किया गया।**




संगम गार्डन में एक्सिसेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन समीक्षा के साथ विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें श्रीमती सुनीता गोयल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा अपने उदबोधन में कहा कि बच्चों का दुर्व्यापार एक कानूनी अपराध है, अपराधी को बीएनएस की धारा के तहत कारावास और जुर्माना हो सकता है। नाबालिग का दुर्व्यापार करने वाले के लिए भी आजीवन कारावास और जुर्माना संबंधी कानून बनाए गए हैं साथ ही उन्होंने बाल विवाह, बालश्रम, बाल तस्करी, बाल यौन हिंसा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। ग्राम मबई में पंच-ज अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित जनसमुदाय को जानकारी देते हुए कहा कि वृक्षारोपण जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह हवा को शुद्ध करता है, जलवायु परिवर्तन को कम करने में मदद करता है और वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करता है। साथ ही जागृति योजना, संवाद योजना, डान योजना, वृद्धों को पेंशन योजना, नि:शुल्क विधिक सहायता योजना एवं अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में अन्य जिलों से आए पदाधिकारीगण एवं अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण में निकाली हरियाली कलश यात्रा

**जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक ने लिया भाग**

**पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर दिया विशेष जोर**

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। जन अभियान परिषद जिला समन्वयक डॉ. सुनील कटियार के मार्गदर्शन में मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था ग्रामीण स्वावलंबन समिति द्वारा आज ग्राम उमरी में नवांकुर सखी ने पूरे ग्राम में हरियाली कलश यात्रा निकाली। इस अभियान में ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कलश यात्रा निकाली।**

इस अवसर पर मप्र जन अभियान परिषद जिला समन्वयक और शासी निकाय सदस्य डॉ जया श्रीवास्तव ने महिलाओं के साथ हरियाली यात्रा निकाली गई, जिसमें उन्होंने ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया और हरियाली बनाए रखने का आह्वान किया। यह यात्रा स्वैच्छिक सहभागिता पर आधारित थी, जिसमें पूरे गांव में घूमकर पर्यावरण के महत्व को रेखांकित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को वृक्षारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता जैसे विषयों पर जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में जिला समन्वयक डॉ सुनील कटियार ने नवांकुर सखियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उनके इस प्रयास की सराहना की।




उन्होंने कहा कि समाज की महिलाएं यदि पर्यावरण जागरूकता के लिए प्रयास करेंगी तो चारों तरफहरियाली रहेंगी। इस अवसर पर प्रत्येक नवांकुर सखी को नवांकुर प्रतिनिधि देवेंद्र के द्वारा 11 पॉलीथिन और अंबाला, अमरूद व कटहल के बीज वितरित किए गए, ताकि वे अपने घरों और खेतों में वृक्षारोपण कर सकें और गांव को हरित बनाने में योगदान दे सकें। इसके तत्पश्चात एक पेड़ मां के नाम से पौधे रोपित किए गए ।

आयोजन में नवांकुर संस्था से साबिर खान, अजय रजक सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता जताई और सतत कार्य करने का संकल्प लिया ।यह पहल न केवल पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देगी, बल्कि ग्राम उमरी मातापुर और सत्यनगर को हरित और स्वच्छ बनाने की दिशा में भी एक ठोस कदम साबित होगी।

**बारिश ▶ फसलों की बोवनी ना होने से किसान चिंतित**

# पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही जोरदार बारिश

**नवभारत न्यूज टीकमगढ। जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान एक बार फिर जोरदार बारिश हुई है। जिले में औसतन 2 इंच बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक बारिश बल्देवगढ़ तहसील में 112 मिलीमीटर यानी 4.5 इंच रिकॉर्ड हुई है।**

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताविक इस वर्ष खरगापुर तहसील में 3 इंच से अधिक बारिश हुई है। इसके अलावा बड़गांव धसान और पलेरा में 2.2 इंच, टीकमगढ़ और जतारा में 1.5.1.5 इंच, लिधौरा में डेढ़ इंच और मोहनगढ़ में आधा इंच बारिश दर्ज की गई है। जिले की पांच तहसीलों में औसत बारिश 8 इंच से अधिक हो चुकी है जबकि तीन तहसीलों में औसत से कम बारिश हुई है। पिछले साल इसी समय तक जिले में केवल 16.5 इंच औसत बारिश हुई थी। इस प्रकार इस वर्ष पिछले साल की तुलना में 24.2 इंच अधिक बारिश हो चुकी है। जिले में सबसे अधिक बारिश पलेरा तहसील में 55.5 इंच दर्ज की गई है। इसके बाद टीकमगढ़ तहसील में 50.5 इंच, मोहनगढ़ में 45.5 इंच, बल्देवगढ़ और खरगापुर में 40.5.40.5 इंच, लिधौरा में 35.5 इंच, जतारा में 34.5 इंच और बड़ागांव धसान में 28 इंच बारिश हुई है। भारी बारिश के कारण बान सुजारा बांध के 5 गेट खोले गए हैं। प्रत्येक गेट 0.5 मीटर खोला गया है। बांध से 300 घन मीटर प्रति सेकेंड पानी छोड़ा जा रहा है। वर्तमान में बांध का जल स्तर 313.20 मीटर है जबकि पूर्ण भराव स्तर 316.50 मीटर है। बांध में वर्तमान भराव क्षमता 144.446 मिलियन घन मीटर है जो कुल क्षमता का 52.32: है। पिछले वर्ष इसी समय बांध का जल स्तर 313.50 मीटर था और भराव क्षमता 153.62 मिलियन घन मीटर थी। जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान एक बार फिर जोरदार बारिश हुई है। जिले में औसतन 2 इंच बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक बारिश बल्देवगढ़ तहसील में 112 मिलीमीटर यानी 4.5 इंच रिकॉर्ड हुई है ।बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है और खेतों में भरपूर नमी आ चुकी है, जिससे खरीफ फसलों की बुआई प्रभावित हो रही है।



### जलभराव वाले क्षेत्रों से दूरी बनाने की सलाह

लगातार हुई बारिश से जामनी नदी का जल स्तर बड़ गया है। नदी में पानी आने से बरीघाट डेम लबालब हो गया है। डेम से तीन फीट ऊपर पानी जाने से झरना की तरह बह रहा है ।अधिकारियों ने लोगों से बारिश के मौसम में डेम पर ना जाने की सलाह दी है। बरीघाट डेम के रास्ते तक जल भराव हो गया था। जामनी नदी से पानी बहाव तेज होने से बरीघाट के आगे बने त्रिगटा तक पानी का भराव हो गया। कुंडेश्वर नदी के घाटों पर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के इंतजाम किए गए है।

## प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**नवभारत न्यूज जतारा। विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा नगर जतारा में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया ।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जतारा एसडीएम संजय दुबे व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खण्ड संघचालक राष्ट्रीय कवि अनिल मिश्रा तेजस्व प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जतारा एसडीएम संजय दुबे ने विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ाने की सलाह दी तो वहीं कवि अनिल मिश्रा तेजस्व ने छात्रों को पढ़ाई के साथ राष्ट्रीयता की भावना के साथ जुड़ा रहना और राष्ट्र के हित में काम करने की बात कहीं । कार्यक्रम में विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक कपिल प्रजापति ने छात्रों को परिषद के बारे में बताया। अतिथियों द्वारा 160 छात्रों को सम्मानित किया।

## शिक्षिका के तबादला होने पर विदाई समारोह



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सागर मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत श्यामपुरा के शासकीय स्कूल में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती काजल सुल्ताना का तबादला बीते दिनों गोपालपुरा के सरकारी शाला में हुआ था। तबादला होने के बाद शनिवार को श्यामपुरा की शाला में विदाई समारोह संपन्न कराया गया।**

विदाई समारोह में माध्यमिक शाला के प्राचार्य सहित अन्य स्टाफ ने शिक्षिका काजल सुल्ताना के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इसके अलावा उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया।

इस अवसर पर गोपालदास अहिरवार सहायक शिक्षक, काजल सुल्ताना, माध्यमिक शाला प्रभारी प्रागी प्रजापति, राजकुमार चढ़ार, ज्योति मिश्रा , सीताशरण सिरवैया, मनोज कुमार चढार एवं शिवम यादव तथा विद्यार्थी और ग्रामीण शामिल हुए। श्यामपुरा की शाला में विदाई समारोह संपन्न कराया गया।